एक बार बरसाने में | By Chanderkanta Gaba & Pallavi Gaba

दो अक्षर का राधा नाम चमत्कार दिखलाये
राधे राधे नाम जपे जो सब संकट मिट जाए

एक बार ज़रा बरसाने में तू आके देख ले
तक़दीर बदल जाएगी तेरी आज़मा के देख ले
एक बार ज़रा बरसाने में तू आके देख ले

रज बरसाने की जो माथे पे लगाता है
वो ही राधा नाम का दीवाना बन जाता है
तू भी इसको माथे पे लगा के देख ले
'एक बार ज़रा बरसाने में तू आके देख ले

अजब नज़ारा है किशोरी जो के धाम का
बजता है डंका यहाँ श्यामा जू के नाम का
तू भी अपनी झोली को फैला के देख ले
एक बार ज़रा बरसाने में तू आके देख ले

लेके विश्वास जो भी आता बरसाने में
करती ना कंजूसी श्यामा कृपा बरसाने में
तू भी अब राधे राधे गा के देख ले
एक बार ज़रा बरसाने में तू आके देख ले

झलक किशोरी जो के चरणों की जो पायेगा
दावा है तू चरणों का दास बन जायेगा
बात मेरी अपने मन में बिठा के देख ले
एक बार ज़रा बरसाने में तू आके देख ले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%8f%e0%a4%95-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-chanderkanta-gaba-pallavi-gaba/